पटना। बिहार की चर्चित नाट्य संस्था 'हिरावल' ने 24–25 सितंबर को पटना के कालिदास रंगालय में मन्नू भंडारी के बहुचर्चित नाटक 'महाभोज' का मंचन किया। तीन दशक से लगातार देश भर में मंचित किया जाने वाला यह नाटक आज के बिहार के राजनीतिक सन्दर्भ में बेहद प्रासंगिक लगा। जबकि इस नाटक के लिखे जाने से लेकर अब तक सत्ता के झंडों के कई रंग बदले हैं, लेकिन सत्ता के पाखंड, सामंती शक्तियों पर उसकी निर्भरता और उसके द्वारा नौकरशाही और मीडिया का अपने निहित स्वार्थ में इस्तेमाल की हकीकत के लिहाज से नाटक का मुख्यमंत्री दा साहब आज भी बेहद जाना–पहचाना चरित्र लगता है। एक ओर वह वोट के लिए खेत मजदूरों और दलितों के विकास के लिये योजनाओं की घोषणाएं करता है, तो दूसरी ओर वह उनका दमन–उत्पीड़न करने वाली सामंती शक्तियों का हितैषी बना रहता है। पक्ष–विपक्ष की शासकवर्गीय पार्टियों का गरीब–मेहनतकश वर्ग के साथ सिर्फ चुनावी फायदे और नुकसान का रिश्ता दिखता है, कोई उनकी जिंदगी को बुनियादी तौर पर बदलना नहीं चाहता, दोनों सामंती शक्तियों के प्रतिनिधि जोरावर सिंह को अपने पक्ष में इस्तेमाल करने की कोशिश करते हैं।

मन्नू भंडारी लिखित इस नाटक की पहली प्रस्तुति आज से तीस साल पहले एनएसडी के रंगमंडल की ओर से दिल्ली में की गई थी। हिरावल ने आज से दस साल पहले भी इस नाटक का मंचन किया था। वैचारिक तौर पर यह अत्यंत गम्भीर, यथार्थपरक और बहसतलब नाटक है। बिहार की राजनीति के लिये तो मानो आज भी एक प्रभावशाली आईना है। महाभोज में बिसू नामक एक खेत मजदूर की हत्या का प्रसंग है, जो खेत मजदूरों को उनके अधिकारों के लिये जागरूक कर रहा था और आगजनी के जरिय जला कर मार दिये गये गरीबों–दलितों के हत्यारों को सजा दिलाने के लिये संघर्ष कर रहा था। उसकी हत्या के बाद नाटक में मुख्यमंत्री दा साहब और विपक्षी पार्टी के सुकुल जी उपचुनाव में दलितों को अपने–अपने पक्ष में संगठित करने की हर सम्भव कोशिश करते हैं। इस कोशिश में सत्ता मीडिया और नौकरशाही का खुलकर इस्तेमाल करती है। हत्या के जिस सच को लेकर बीसू के दोस्त बिंदा और रिसर्चर महेश संघर्ष करते हैं, दा साहब के इशारे पर उस सच को ही पलट दिया जाता है और बिंदा को ही हत्यारा साबित कर दिया जाता है। अपने हक अधिकार के लिए आंदोलन करने वालों को ही गुनाहगार साबित करके जेल में डाल देने की कई घटनाओं से नाटक के इस प्रसंग का प्रत्यक्ष संबंध जुड़ जाता है।

थानेदार, अखबार का सम्घ्पादक, डीआइजी और पक्ष–विपक्ष के नेता–सबके गरीब विरोधी चरित्र को नाटक ने बड़ी कुशलता से पर्दाफाश किया। मौजूदा तंत्र समाज के आखिरी आदमी के प्रति कितना निर्मम है, इसे इस नाट्य प्रस्तुति ने बडेध कारगर तरीके से पेश किया। अपने साथी बीसू के हत्यारों को सजा दिलाने के लिए संघर्ष कर रहा बिंदा कहता है– ''कुछ नहीं करेगी यहाँ की पुलिस। कोई कुछ नहीं करेगा। अखबार वालों के पास गये, छापना तो दूर, बात तक नहीं की। आगजनी का कइसा ब्योरा छापा था३.अब जाने कउन साँप सूँघ गया है! सब के सब बिक गये हैं।'' गाँव में कास्ट और क्लास विषय पर रिसर्च करने पहुँचे महेश शर्मा से बहस करते हुए वह दो टूक पूछता है– 'जरा बताओ, कउन मिटाएगा अमीर–गरीब का ई भेद? तुम तो डेढ़ महीने से हियाँ साइकिल पे घूम–घूमके अउर किताबें पढ़–पढ़के गांव जानि रहे हो।३. थीसस लिखोगे गाँव पे। ३अइसे जाना जाता है गाँव? अरे गाँव जानना है तो जुड़ो हियाँ के लोगों के साथ३. सामिल होओ उनके दुख–दरद में! लिखो कि सरकारी रेट पे मजूरी माँगने–भर से जिंदा आदमियों को भून के राख बना दिया। अउर जब इस जुलुम के खिलाफ किसी ने आवाज उठाये की कोसिस की तो मार दिया उसे३३।''

इस नाटक ने बुद्धिजीवियों और नागरिकों को जनसंघर्षों से जुड़ने का संदेश भी दिया। महेश शर्मा एसपी सक्सेना से कहता है– ''लेकिन हमें परमिशन नहीं है सर कि हम गाँव की समस्याओं और लोगों के साथ इनवॉल्व हों। फेलोशिप की पहली शर्त होती है यह। यह सारी की सारी एजुकेशन अज्ञान में रखना चाहती है हमको३नहीं चाहती कि हम अपने आसपास की असलियत को जानें, उससे जुड़ें। फार्म में भरकर देना होता है हमको कि हम सिर्फ देखेंगे३ तटस्थ होकर। जो कुछ गलत है, उस पर रिएक्ट नहीं करेंगे३ खून नहीं खौलने देंगे अपना। ३क्या मतलब है ऐसी एजुकेशन का।'' नाटक के अंत में जब बीसू के दोस्त बिंदा को पुलिस यातना दे रही है और तंत्र से जुड़े सारे लोग मौजमस्ती में व्यस्त हैं, तब वह सवाल करता है कि क्या इन हालात में बिना इन्वॉल्व हुए रह सकता है कोई? और इसी बिंदु पर बुनियादी संघर्षों के साथ जुड़ाव की जरूरत के संदेश के साथ नाटक का अंत होता है।

बिंदा की पत्नी रुक्मा की भूमिका में दिव्या गौतम ने पुलिसिया आतंक से परेशान आम मेहनतकश स्त्री का बेहद जीवंत अभिनय किया। थानेदार, दा साहब,

जमुना बहन, जोरावर, लखन, बिंदा, सुकुल बाबू, एसपी, डीआईजी, सम्पादक दत्ता व सहायक सम्पादक की भूमिकाओं में क्रमशः राम कुमार, अभिषेक शर्मा, समता राय, नीतीश, कुंदन, अभिनव, प्रमोद यादव, अंकुर राय, राजेश कमल, सुधीर सुमन और संतोष झा ने अपनी–अपनी भूमिकाओं के साथ पूरा न्याय किया। महेश, हीरा, नरोत्तम, जगेसर, काशी, पांडे जी, बीसू, लठैत और मोहन सिंह की भूमिका मृत्युंजय, राजन, हिमांशु, राहुल रौशन, विक्रांत चौहान, मुरारी, अमित मेहता, चौतन्य कुमार और रौशन ने निभाई। ग्रामीण समेत अन्य भूमिकाओं में अविनाश कुमार, रतन, सूर्यप्रकाश, रतन और रुनझुन थे। नाटक का निर्देशन संतोष झा ने किया। सहनिर्देशक सुमन कुमार थे। प्रकाश परिकल्पना विज्येंद्र टाँक तथा मंच परिकल्पना अभिषेक शर्मा की थी। उद्घोषक डीपी सोनी थे। नेपथ्य की अन्य भूमिकाओं और जिम्मेवारियों में विनय राज और युसूफ अली थे। इस अवसर पर शहर के कई महत्वपूर्ण रंगकर्मी, साहित्यकार–संस्कृतिकर्मी और बुद्धिजीवी मौजूद थे। किसी सरकारी मदद के बिना और एनजीओ या कारपोरेट्स की फंडिंग के बगैर भी सिर्फ जनसहयोग के बल पर भी तीस–तीस पात्रों वाले मंचीय नाटक का प्रदर्शन सम्भव है, पटना में जसम की गीत–नाट्य इकाई हिरावल ने 'महाभोज' के दो दिवसीय मंचन के जरिय इसका उदाहरण पेश किया। जहाँ पुरस्कारों और प्रलोभनों के जरिय संस्कृतिकर्मियों, कलाकारों और साहित्यकार–बुद्धिजीवियों को खरीद लेने और वैचारिक तौर पर लूट की सत्ता में उन्हें साझीदार बना देने का सिलसिला जारी है, वहीं हिरावल ने अपनी वैचारिक स्वतंत्रता और स्वाभिमान को बनाए रखने और संस्कृतिकर्मियों की सामूहिकता को ताकतवर बनाने की कोशिश की है। रंगकर्म की दुनिया में इस वैचारिक संघर्ष ने एक प्रतिबद्ध दर्शक वर्ग का भी निर्माण किया है, 'महाभोज' के मंचन के दोनों दिन दर्शकों की अच्छी खासी मौजूदगी ने जिसका जबर्दस्त तरीके से अहसास कराया। कमाल यह कि इतने गम्भीर और पात्रबहुल इस नाटक को हिरावल के कलाकारों ने महज 27 दिनों में तैयार किया!

जनवादी सरकार के समाजवादी फैसले : अनुराग

मनमोहन सरकार से पहले इस तरह की समाजवादी और वैज्ञानिक सोच वाली सरकार स्वंतत्र भारत के इतिहास में

कभी नहीं आई। भविष्य के बारे में दावे के साथ कुछ नहीं कह सकता। वैसे हमारे राजनेताओं में जिस तरह की सोच विकसित हो गई है, उससे तो उम्मीद है कि आने वाली सरकारें मनमोहना से भी बढ़कर समाजवादी और वैज्ञानिक सोच की होंगी। वह भारत कितना खूबसूरत होगा, जिसमें एक भी गरीब नहीं बचेगा। बस अमीर ही अमीर होंगे।

करीब चालीस साल पहले श्रीमती इंदिरा गांधी ने नारा दिया था– गरीबी हटाओ। उसके बाद जनता पार्टी, कांग्रेस, जनता दल, समाजवादी जनता पार्टी, भारतीय जनता पार्टी आदि कई पार्टियों की सरकारें आईं और गईं, लेकिन कोई भी गरीबी नहीं हटा सका। इसलिए मनमोहन सरकार ने दिल पर पत्थर रखकर गरीबों को ही हटाने का निर्णय ले लिया। एक समझदार शल्य चिकित्सक बीमारी को जड़ से ही खत्म करता है। भले ही इसके लिए रोगी को बीमारी से भी गहरा जख्म क्यों न देना पडे। निःसंदेह इससे रोगी को तात्कालिक तकलीफ होती होगी, लेकिन यह उसी के हित में होता है। देश में सभी समस्याओं की जड़ गरीब हैं। इन्हें रोटी चाहिए, मकान चाहिए, शिक्षा चाहिए, दवा चाहिए और भी न जाने क्या–क्या। इनकी जरूरतें कभी पूरी ही नहीं होतीं। देश अंतरिक्ष में पहुंच गया, इससे इन्हें खुशी नहीं मिलेगी। देश में आलीशान मॉल खुल रहे हैं, बडे–बडे हाईवे बन रहे हैं, लेकिन ये बात केवल रोटी की करेंगे। इतना भी नहीं समझते कि रोटी नहीं मिल रही है तो बोटी खा लो और देश के विकास के बढ़ते ग्राफ को देखकर खुश रहो। कुल मिलाकर गरीब देश के विकास और तरक्की में धब्बा हैं। सरकार कुछ कठोर निर्णय लेकर देश की बीमारियों की जड़ को ही समाप्त कर देना चाहती है तो इसमें किसी को ऐतराज नहीं होना चाहिए।

महान वैज्ञानिक डार्विन का सिद्धांत है कि पृथ्वी पर अस्तित्व बचाने के लिए निरंतर संघर्ष चलता रहता है। इसमें दुर्बल नष्ट हो जाते हैं और सक्षम बच जाते हैं। इतिहास गवाह है कई जीवों की प्रजातियां संघर्ष न कर पाने के कारण नष्ट हो गईं। गरीब नामक प्रजाति भी संघर्ष न कर पाने या खुद को परिस्थिति के अनुकूल नहीं ढाल पाने के कारण नष्ट हो जाती है तो इसमें किसी का क्या कसूर।

समय–समय पर पेट्रोल, डीजल के दाम बढ़ने से खाद्य पदार्थों के दाम भी बढ़े हैं। गरीब खाद्य पदार्थ खरीद नहीं पा रहे हैं और जले में नमक यह कि वे जितने चाहे सब्सिडी वाले गैस सिलेंडर खरीद सकते हैं। इसलिए सरकार ने ऐसे सिलेंडर की संख्या भी सीमित कर दी है। जब खाना खरीदने की ही औकात नहीं है तो सब्सिडी पर सिलेंडर देने का क्या फायदा। और जो खरीद सकते हैं, उन्हें सब्सिडी की जरूरत नहीं है।

मनुष्य में अधिकांश बीमारियों की जड़ मोटापा यानी अधिक खाना है। महंगाई बढ़ने से लोगों का अनाप– शनाप खाना कम हो जाएगा। वे जैसे–तैसे करके जीने लायक ही खा पाएंगे। इससे वे मोटापा का शिकार नहीं होंगे। और उनका स्वास्थ्य भी ठीक रहेगा। इसके बावजूद यदि कोई नासमझ मोटापा बढ़ा ले तो उसे दुरूस्त करने के लिए डीजल, पेट्रोल के दाम फिर बढ़ाए जाएंगे। इससे वह अधिक से अधिक पैदल चलेगा और स्वस्थ रहेगा। फिर भला उससे धनी कौन होगा। कहा भी गया है– हेल्थ इज वेल्थ।

आज के दौर में लोकतंत्र की चुनौती ही आलोचना की चुनौती है : राजेंद्र कुमार

इलाहाबाद। वरिष्ठ आलोचक प्रोफेसर मैनेजर पांडेय के जीवन के 71 वर्ष पूरे होने के अवसर पर 23 सितम्बर को 'जन संस्कृति मंच' की ओर से इलाहाबाद में 'आलोचना की चुनौतियाँ' विषय पर प्रोफेसर राजेंद्र कुमार की अध्यक्षता में संगोष्ठी का आयोजन किया गया। राजेंद्र कुमार ने कहा कि आज के समय में जो चुनौतियाँ लोकतंत्र के समक्ष हैं, वही आलोचना की भी चुनौतियाँ हैं। उन्होंने बताया कि साहित्य में आलोचना विधा का आगमन गद्य के उद्भव के साथ होता है। पश्चिम में यह पूँजीवादी लोकतंत्र के साथ जन्म लेती है। आज भारत में यह लोकतंत्र भी चुनौतियों का सामना कर रहा है। इसका संकट और इसकी चुनौती आज की आलोचना की भी चुनौती है। उन्होंने कहा कि आज की आलोचना को एक समझ और तमीज विकसित करनी चाहिए जो यह पहचान सके कि साहित्य में विचारधारा को गैर–जरूरी बताने वाले खुद किस विचारधारा को स्वीकार्य बनाना चाहते हैं। उत्तर आधुनिकता, जो 'सब–कुछ' को 'पाठ' बनाती है, वह अपने आप में खुद एक विचार का आरोपण है। प्रतिरोध की चेतना की पहचान ही आलोचना को महत्वपूर्ण बनाती है। आलोचना का काम रचनाकार को छोटा या बड़ा सिद्ध करना नहीं है।

इतिहासकार और सामाजिक कार्यकर्ता लाल बहादुर वर्मा ने कहा कि आज आलोचना की चुनौती यह है कि साहित्य को साहित्य, और समाज को समाज बनाए रखने में मदद करे क्योंकि आज पूँजीवाद इसी को खत्म कर देना चाहता है। उन्होंने कहा कि आलोचना के लिए जन–सरोकार होना जरूरी है। आलोचना एक उपकरण भी है, जिसे चलाना मालूम होना चाहिए। आज आलोचना को साहित्य के लिए मशाल होना चाहिए। वह साहित्य और जन के बीच पुल है।

आलोचक और कथाकार दूधनाथ सिंह ने कहा कि विचारधारा और साहित्य–रचना का जो तनाव है वह आलोचना में होना चाहिए, उसे नजर–अंदाज नहीं किया जाना चाहिए। सामाजिक शक्तियों के जो संघर्ष हैं, साहित्य उन्हें प्रतिबिम्बित करे।

रविभूषण (राँची) ने कहा कि आलोचना जीवन और समय–समाज सापेक्ष होनी चाहिए। आज के संकट के समय में आलोचना को राजनीतिक प्रश्घ्नों से भी जूझना होगा।

आलोचक गोपाल प्रधान (दिल्ली) ने आलोचना के वर्तमान पर टिप्पणी करते हुए कहा कि आज क्षणिक किस्म के परिवर्तनों का उत्सवीकरण हो रहा है और आलोचना के भीतर से इतिहासबोध को विलिपित किया जा रहा है। जब कि हिन्घ्दी आलोचना अपने प्रारम्भ से ही सिर्फ साहित्य–आलोचना नहीं रही बल्कि उसने व्यापक सामाजिक सरोकार रखते हुए समाज और देश की आलोचना की। इतिहासबोध उसमें एक जरूरी तत्व रहा है। उन्होंने कहा कि देश का शासक–वर्ग इतना देशद्रोही शायद ही कभी रहा हो, जितना कि आज का शासक–वर्ग है। उसके भीतर के भय का आलम यह है कि वह कार्टून भी बर्दाश्त नहीं कर पा रहा है। उन्होंने अत्याधुनिक तकनीकी के साथ अत्यंत पिछड़ी हुई सामाजिक चेतना के मेलजोल के खिलाफ आलोचनात्मक संघर्ष चलाने की आवश्यकता बताई।

पंकज चतुर्वेदी (कानपुर) का कहना था कि आलोचना अगर रचना में मुग्ध हो जाएगी तो वह रचना को ठीक से देख नहीं पाएगी। आलोचक को रचना की संशक्ति के साथ उससे दूरी भी बनाए रखनी होगी तभी वह रचना के महत्व को रेखांकित कर पाएगी। तमाम आलोचक दूरी बनाते हैं लेकिन संशक्ति गायब है। आलोचना को रचना से, उसके रचना कर्म से संबोधित होना होगा। आज के आलोचक पारिभाषिक शब्दावलियों के गुलाम हैं। पूरी आलोचना इन्हीं बीस–पच्चीस शब्दों से काम चलाती है। पारिभाषिक शब्दों की यह गुलामी रचना और आलोचना के बीच एक परदे का काम करती है। आलोचना को नये शब्द ईजाद करने होंगे। उन्होंने रचना और आलोचना में विचारधारा की आबद्धता को गैर जरूरी बताते हुए कहा कि जनता के प्रति सम्बद्धता जरूरी है लेकिन विचारधारा से आबद्धता जरूरी नहीं।

प्रोफेसर चंद्रा सदायत (दिल्ली) ने कहा कि आज के दौर के अस्मितावादी विमर्श आलोचना का ही हिस्सा हैं। इसे और व्यापक बनाने के लिए अन्य भाषाओं के (अस्मितावादी विमर्शों के) अनुवाद को भी इसमें शामिल किया जाना चाहिए या फिर आलोचना को कम से कम उनका संदर्भ तो लेना ही चाहिए।

प्रज्ञा पाठक (मेरठ) ने कहा कि स्त्री के जीवन और साहित्य को अलग कर के देखने से उसके साहित्य का सही मूल्याँकन नहीं हो पाएगा। तमाम लेखिकाएँ भी इसमें भ्रमित होती हैं। आलोचना में अभी भी स्त्री–रचना पर बात करने में पुरुषवादी सोच का दबाव काम करता है। स्त्रियाँ भी स्त्री–विमर्श या रचना पर बात करते समय इसी प्रभाव को ग्रहण कर लेती हैं। स्वतंत्र और व्यक्तित्ववान स्त्री आज भी आलोचना के लिए चुनौती है।

अपने जन्मदिन के मौके पर, संगोष्ठी को संबोधित करते हुए प्रोघ्फेसर मैनेजर पांडेय ने कहा कि विचारधारा के बिना आलोचना और साहित्य दिशाहीन होता है। आलोचना में पारिभाषिक शब्दावली का प्रयोग ईमानदारी से होना चाहिए क्योंकि पारिभाषिक शब्द विचार की लम्बी प्रक्रिया से उपजते हैं। उन्होंने कहा कि साहित्य की सामाजिकता की खोज और सार्थकता की पहचान करना ही आलोचना की सबसे बड़ी चुनौती है। इस अवसर पर राहुल सिंह (बिहार), रामाज्ञा राय (बनारस) आदि वक्ताओं ने भी विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में छात्र, बुद्धिजीवी, सामाजिक कार्यकर्ता एवं संस्कृतिकर्मी उपस्थित रहे। संगोष्ठी का संचालन जन संस्कृति मंच के महासचिव प्रणय कृष्ण ने किया। इससे पहले कॉ. जिया उल हक ने प्रो. मैनेजर पांडेय को उनके जन्मदिन के उपलक्ष्य में शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया।

इस मौके पर प्रो. मैनेजर पांडेय के आलोचना कर्म पर केंद्रित दो पुस्तकों का लोकार्पण भी हुआ। इनमें से पहली पुस्तक 'मैनेजर पांडेय का आलोचनात्मक संघर्ष' युवा आलोचक तथा जसम के महासचिव प्रणय कृष्ण द्वारा लिखित तथा जसम के सांस्कृतिक संकुल द्वारा प्रकाशित है। दूसरी पुस्तक 'आलोचना की चुनौतियाँ' का सम्पादन दीपक त्यागी और राजेश्वर चतुर्वेदी ने किया है जिसमें पाण्डेय जी के व्यक्तित्व और कृतित्व पर अनेक लेख संकलित हैं ।

भारत में होता है आतंकवादियों का स्वागत

❏ अखिलेश गुप्ता

एक तरफ आज हिन्दुस्तान आतंकवाद और भ्रष्टाचार कि भयावह समस्या से जूझ रहा है वही पर आज आये दिन हो रहे देश के उपर आतंकी वारदातो कि घटनाओ से तंग आकर आज देश का हर तीसरा युवा खौफ के साये में अपना जीवन बिताने को विवस है भारत आज सबसे अधिक अगर परेशान है तो वो है आतंकवाद कि समस्या से लेकिन ये आतंकवाद फैला कहा से अखिर कैसे अपने देश के संसद के चौखठ तक पहुच जाते है ये आतंवादी क्या इसमें हमारे देश के जवानो कि गलती नही है क्या इसमें हमारे देश के युवाओ कि गलती नही है सवाल यहा पर ये खड़ा होता है कि आज हमारे देश के युवाओ का कन्धा इतना कमजोर हो गया है कि वो अपनी एक जिम्मेदारी ना उठा सकते आज का युवा वर्ग बुरी आदतो और अकर्मठता का शिकार होता जा रहा है जरा से पैसे कि लाजच पाकर वो भुल जाता है देश के प्रति अपनी निष्ठा और शामिल हो जाता है वो भी मौत के इस खूनी खेल के सफर में तभी तो कभी संसद के भीतर कोई ब्लास्ट हो जाता है और कभी मुबई जैसे बड़े शहरो में सिरियल ब्लास्ट हो जाता है अगर बात कि जाए अपने देश कि सुरक्षा व्यवस्था कि तो ये भी पुरी तरह से ढिली होती जा रही है यहा पर ढिली कहने का मतलब ये कि आज हमारे देश में आतंकियो को जेल में रखकर उनकि पुरी खातिरदारी कि जाती है उन्हे किसी प्रकार कि समस्या या खाने पीने में कोई कमी नही बरती जाती है मुंबई हमले का आतंकी अजमल कसाब को अभी तक सरकार किसी प्रकार कि सजा नही दे पाई है वही पर सूत्रो कि माने तो कसाब ने जेल में शाकाहारी खाना खाने से मना कर दिया था उसकी मांग थी कि उसे खाने में बिसियानी दिया जाए ठिक इसी तरह का कुछ अंदाज है आतंकवादी जुदाल का जिसका कहना है कि उसे रोजा अफतार के लिए रोज दूघ मलाई और मटन चिकन मिलना चाहिए वही पर सुरक्षा अधिकारियो का कहना है कि वो किसी के धार्मिक भावनाओ को ठेस पहुचाना नही चाहते इसलिए उसकि मागे हम पूरी करते रहते है वही पर उसकी गिरफ्तारी के बाद से ही उसके परिवार से कोई परिजन उससे मिलने नही आया अब सवाल यहा ये उठता है कि क्या भारत में इनके दवारा किये गए जुर्म कि कोई सजा नही बची है या हमारी सरकार बस इन आतंकियो का सेवा पानी करने में ही लगी रहेगी।

गज़ल

रहते हैं हम जहाँ हर दुकान से उधार लेते हैं,
कर्ज जब बढ़ जाता है तो मुहल्ला बदल देते हैं।

दोस्तों से लड़-झगड़ कर उधार मांग लेते हैं,
गुर्बत में जिन्दगी का हम यूं ही मजा लेते हैं।

गोया के अभी तक किया नहीं कर्ज किसी का
पर देने की तमन्ना दिल में लिए फिरते हैं।

उधार की ठाट बाट लिए जब हम सड़कों पर चलते हैं,
देखकर अदायें मेरी सभी अमीर जलते हैं।

गुर्बत में भी यूँ बेलौस जीना देखकर मेरा,
है सभी हैरत में क्या नाकारा भी ऐसे जीते हैं।

बेकार हुए तो क्या गम है यारों,
हंस कर जीने का फन तो हम जानते हैं।

मुदस्सिर इलाहाबादी

Email.: modas_1980mohammed@yahoo.co.in

क्या बेटियाँ होना है हमारा कसूर?

fç;adk lkue

bl'oj us gj fj'rs dks dkQh [kclwjrh ls cuk;k gS ij ge euq"; mu fj'rksa dh vgfe;r ugha le>rs A bnkj dh ikp lky dh ekle cPph dk ;s dgka irk Fkk fd bl /kjrh ij mldh vk;q dsoy ikp lky dh FkhA 26 flrEcj] c/kokj dh jkr bnkj ds jktho vkokl fogkj es dN ,sls gvk ftls lqu dj gkFk ikoa dkius yxrs gSA ;g ekle cPph ftls bldk firk us dN lkyks igys viuh Hkkbl ls xksn fy;k FkkA jkts'k flxkj us viuh xksn yh gbZ cVh ds lkFk n"deZ djus ds ckn viuh iRuh cch ds lkFk feydj mldh ºR;k dhA jkts'k flxkj ds iMkslh us tc jkts'k vkSj mldh iRuh dks ,d cSx esa ekle cPph dks ys tkrs ns[kk rks mlds iNus ij jkts'k vkSj cch us cPph dh rfc;r [kjkc gksus dh ckr dgh vkSj ;s Hkh dgk fd os mls M,DVj ds ikl ys tk jgs gSA ,d vyx okD;k pMhx<+ dk gS]tgka ,d cPph viuh firk ds nksLrks ds xqn bjknks dh f'kdkj gks x;hA 27 flrEcj] x#okj dh jkr blds firk ds nks nksLrks us u'ks dh gkyr esa n"deZ fd;kA ;g cPph viuh thou ds fy, vHkh Hkh vLirky esa l?k"kZ dj jgh gSA D;k ;s budh yMfd;ksa gksus dh ltk gS \ budk dlwj D;k Fkk tks bUgsa ;s fueZe ltk feyh\ D;k ;s ckrsa dgha ljf{kr ugha gS \

13th International Conference on Mobility & Transport for Elderly & Disabled

New Delhi, September 18th, 2012: TRANSED 2012- the 13th International Conference on Mobility and Transport for Elderly and Disable people was inaugurated today by Smt. Sheila Dikshit, Hon'ble Minister, Governemnt of NCT of Delhi. Hosted by Svayam, the theme of TRANSED 2012 is "Seamless access for all: Universal Design in Transport system and built infrastructure, a key element in the creation of livable cities.' Present at the inaugural ceremony were personalities like Dr. Sudhir Krishna, Mr. Ramakant Goswami, Mr. Steven Fletcher etc.

Speaking on the occasion, Hon'ble Chief Minister of Delhi-Smt. Sheila Dikshit said "Delhi is proud to host TRANSEd 2012 for the first time in India. Our Government has been working closely with Svayam, the host of TRANSED 2012, to make our city accessible for all. We have worked together to make places like Qutub Minar, Red Fort, bus Q shelters, public conveniences etc accessible. It's my pleasure to welcome the participants and the foreign delegates of TRANSED to Delhi and we hope that TRNSED will help raise awareness and sensitize people to the cause of accessible and inclusive environment.

TRANSED 2012 will not only help us address the challenges associated with improving mobility and transportation needs for the elderly and disabled but will make us work towards making India barrier free", she further added.

Speaking on the occasion, Ms. Sminu Jindal, founder of Svayam said "Svayam is proud to host TRANSED for the first time in India. We are thankful to our partners Government of Delhi, Ministry of Urban Development and Ministry of Transport. We believe TRANSED is a great platform to share experiences and participate in promoting accessible environment for all. Svayam believes that it is necessary to cater to the needs of the elderly and disabled and create public friendly infrastructure and transport across the nation. Recognizing the importance of accessibility for all will enable everyone to lead a dignified and independent life. The change that we are all working towards will definitely happen if accessibility becomes a movement involving each one of us."

Svayam will also host the first ever 'Accessibility awards' to be held on September 19th at The Lalit. These awards will honour the organizations involved in making India accessible by providing inclusive infrastructure for all. These awards will play a pivotal role in encouraging the development of policies, practices and relationships to ensure that achievements on accessibility are sustainable and meaningful. Mr. Arvinder Singh, Hon'ble Minister of Urban Development, Govt of NCT of Delhi will be the Chief Guest for the occasion.

"To be able to independently access the built environment is the right of every individual with reduced mobility. Accessibility or design-for-all should mean equal access, that is, a disabled person should be able to independently board a bus, enter a restaurant, access all parts of the hotel, use a public convenience, visit a historic monument and watch a movie. TRANSED 2012 is a step in the right direction which will provide mobility solutions to all and will help us make India accessible", Sminu added.

Svayam was awarded the bid for the 13th TRANSED at Transport Research Bureau of USA against Germany and South Africa. The objective of TRANSED 2012 is to review advances in research, profile international breakthroughs and explore perspectives for technological innovations in response to the mobility challenges of an ageing population and person with disablilites. It also aims to examine ways to address challenges associated with improving mobility and transportation needs for the elderly and disabled. Svayam works towards providing an equitable infrastructure and transportation system to all and believes that TRANSED 2012 will inspire us to find mobility solutions not only for urban but also for rural India as well.

62 Year old Teacher Murdered in Timarpur, Delhi

Chandra Kant Singh

Just after day of Senior Citizens Camp organised in the Teacher's Colony of Timarpur by Delhi Police. A sixty two years old lady TGT teacher got Murdered in the flat number no. B-119 of the same colony. Neighbours told "Her name was Mrs. Madhu Mehra, She was science teacher in SKV, Nehru Vihar and she used to teach science to 8th and 9th class students. Her husband and a 15 year old child had already expired in a road accident in 1993, so she was living alone at her house". They also said Mrs. Mehra was seen drying clothes in balcony around 11.00 am. Around 2.00 pm Mr. Rajendra Kumar (Mrs. Mehra's so-called brother) visited her house and saw the main door was left open. And when he entered the house he noticed Mrs. Mehra was lying on floor and she was tied. Her legs and her hands were tied and a bunch of clothes were filled in her mouth. Mr. Kumar stood shocked and called Police and recited the whole matter. Around 2.15 pm police reached the spot. Body has been sent for post-mortem by Crime Branch. They started theie investigations with different angles. Around 5.33 pm, Deputy Commisioner of Delhi Police came down of the flat and said "Mrs Mehra is murdered by srabbing with a knife. Other things can be cleared out after post mortem comes out. Other than this case can be of looting and meanwhile Mrs. Mehra got murdered. We are looking into the case. Mr Rajendra Kumar is in our custody and we are investigating him".

चलो सुनाओ नयी कहानी

अगर सुनानी तो नानू बस
झट सुना दो एक कहानी
देर करोगे तो सच कहती
अभी बुलाती हूँ मैं नानी

बोली डोलू बहुत 'बिजी' हूँ
तुम तो नानू बिल्कुल खाली
कितने काम पड़े हैं मुझको
नहीं मैं ज्यादा रुकने वाली

टीवी अभी देखना मुझको
होम वर्क अभी करना है
कम्प्यूटर पर अभी खेलना
फोन सहेली से करना है

नानू इसीलिए कहती हूँ
झट कहानी मुझे सुनाओ
चली गई तो पछताओगे
मत इतना नानू इतराओ

नहीं आऊँगी नानू फिर मैं
चॉकलेट भी अगर दिखाओ
शुरू करो अब शुरू करो न
चलो कहानी अभी सुनाओ।

सोचूँगी नानू हैं बुद्धू
अगर सुनाई नहीं कहानी
पुस्तक से ही पढ़ लूँगी मैं
एक नई से नई कहानी।

&fnfod je'k

'कवि के साथ' का आयोजन तीस सितम्बर को

नई दिल्ली। इंडिया हैबिटैट सेंटर द्वारा शुरू की गई काव्य–पाठ की कार्यक्रम श्रृंखला 'कवि के साथ' के छठे आयोजन में इस बार वरिष्ठ कवि मदन कश्यप के साथ मुकुल सरल और कुमार अनुपम का काव्य पाठ हुआ। कार्यक्रम 30 सितम्बर को शाम सात बजे गुलमुहर हाल, इंडिया हैबिटेट सेंटर, दिल्ली में शुरू हुआ। कवि और कविता से कविताप्रेमी हिन्दी समाज का सीधा संपर्क–संवाद बढ़े, यही इस आयोजन का उद्देश्य था।
तीनों कवियों की एक–एक कविता–

छिपना
मुखौटों से झाइयाँ नहीं छिपतीं
पूरा का पूरा चेहरा छिप जाता है
सबको पता चल जाता है
कि सब कुछ छिपा दिया गया है
भला ऐसे छिपने–छिपाने का क्या मतलब
छिपो तो इस तरह कि किसी को पता नहीं
चले कि तुम छिपे हुए हो
जैसे कोई छिपा होता है हवस में
तो कोई अवसरवाद में
कुछ चालाक लोग तो
विचारधारा तक में छिप जाते हैं
कोई सूचनाओं में छिप जाता है
तो कोई विश्लेषण में
कोई अज्ञान में तो कोई इच्छाओं में
और कवि तो अक्सर अपनी कायरता में
छिपा होता है ।

मदन कश्यप

Newspaper Association of India 20th Annual Conference and National Achievement Award-2012

❑ **NAI DESK**

Newspapers Association of India (NAI) which represents the press at the grassroots level in almost all languages and territories of the country, and which constitutes the core of the press community in this country since its inception in 1993, has endeavored to bring the Small and Medium newspapers and media organization from the length and breadth of our great country together under the ambit of one platform . Until now we were successful in bringing together approximately 7000 such entities as active members under our umbrella. These newspapers are published in Hindi, English and other vernacular languages. Together they enjoy a reach to every nook and corner of the country. Our association actively takes up matters relating to the difficulties being faced by the publishers of these newspapers and also disseminates information useful to them from time to time. The Conference would be focusing on the role that the regional newspapers play in the strengthening of this World's largest democracy. The emphasis would be on how the regional newspapers strengthen our democratic institutions with adherence to secular credentials. The strength of our democracy lies in the dissemination of information and these regional

and vernacular language newspapers with their reach deep in the hinterland can and plays an effective role in the propagation of democratic ideas and advantages of people power.

Publishing on 10th of every month
RNI No. 62500/95
REGD. No. DL (E)-01/5149/2012-2014
LICENCE TO POST WITHOUT
PRE-PAYMENT No. U(C)223/12-14

To,

If undelivered, Please return to:
न्यूज़ पेपर्स एसोसिएशन
ऑफ इण्डिया
POST BOX 9235, NEW DELHI-110 092

यदि आप लेख, रचना, समाचार, विचार प्रेषित करना चाहते हैं तो आप अपने अप्रकाशित लेख निम्न पते पर भेजें।

आपको ***NAI*** का यह अंक कैसा लगा, इस बारे में अपने सुझाव हमें निम्न पते पर भेजें।

एन. ए. आई.
A-115, Vakil Chambers, Top Floor,
Shakarpur, Delhi-110092, Ph.: 011-22058133

Editorial Board

Founder	Late Dr. M. R. Gaur
Editor Publisher-Printer	Vipin Gaur
Counsultant Editor:	Dr. Smita Mishra
Managing Editor:	Dilip Kumar
Legal Advisors:	Nikhat Anjum Malik
Advocate Delhi Highcourt	Rajesh Sharma
	Adv. P. Yadav
Office Secretary	Kavita Bamotra

- Bureau Chief -

Guwahati:	Runu Hazarika
Mumbai:	Mr. Dinesh K. Mishra
Bangalore:	Mr. M. K. Jain
Jaipur :	Mr. Banwar Singh Ranawat
Chennai:	Mr. P.C.R. Suresh
M.P. & C.G.	Mr. O. P. Jain
Kerela	Mr. Suvarna Kumar
Goa	Dr. Vivek Gaitonde

"Nominations Open" News Papers Association of India Achievement Award-2012 and 20th Annul Conference

In the field of Journalism & Social Activities NAI Awards 2012, submissions open The News Papers Association of India invites journalists from developing India and the Pacific to submit published articles written, News, Videos, Photos, Social Activities, Agriculture or Rural Documenters' in January / 2012 to November / 2012 in connection with the 2012 annual Developing NAI Journalism Awards.

If you are interested in participating in the 2012 NAI Award program, please Send Your Port Folio. In C.D or You Can mail at: - naiindia@gmail.com

Statement of Terms and Conditions

Articles , News , Videos , Photos , Social Activities , Agriculture or Rural Documenters must be published And Telecast works and may have appeared in a regional newspaper, magazine, news wire service or website between 1 January 2012 to 31October 2012.

The judges shall not be bound to award a prize in any categories where they do not feel that the quality of entries merits it.

Submission deadline for NAI Awards 2012 is 7TH November 2012 , 6 pm Indian time.

If you need any help
Contact to
Office Secretary
News Papers Association of India A/115 4th floor Vakil Chamber, Shakarpur
Vikas Marg , Delhi - 110092
011- 22058133 , 9971847045
Visit as:- naiindia.com
e-mail :- contact@naiindia.com

Suryabhan Singh Rajput
President (Editor – Nand Darshan Daily)
Mob- +91 9923199115
E-mail :- nanddarshandaily@gmail.com

Vipin Gaur
General Secretary (Editor In Chief – The Indian Majesty)
Mob. 9810226962, 9718919456
E-mail :- nai.newsmedia@gmail.com

The Special Award is - Dr. M.R Gaur Lifetime Struggle & Achievement Award

In Electronic Media	Best Reporter
Best News Channel	Best Colam Writer
Best News Anchor	Best Photographer
Best Reporter	***Other Categories***
Best Cameraman	Best NAI State Committee
Best Editor	Best RTI Activist
In Print Media	Best Documentary For rural Development
Best News Agency	Best Radio Station
Best Magazine	Best Radio Jockey
Best Regional Newspaper (Daily , Weekly , Monthly , Fortnightly)	Best Social Worker
	Best Social NGO
Best Editor	Eminent Personalities

न्यूज़पेपर्स एसोसिएशन आफ इंडिया का 20वां राष्ट्रीय अधिवेशन

❑ एनएआई डेस्क

न्यूजपेपर्स एसोसिएशन आफ इंडिया के द्वारा पत्रकारिता व सामाजिक गतिविधियों के क्षेत्र मे, एनएआई पुरस्कार 2012 के लिए न्यूजपेपर्स एसोसिएशन आफ इंडिया का राष्ट्रीय सम्मलेन।

न्यूजपेपर्स एसोसिएशन आफ इंडिया भारत के पत्रकारों व समाज सेविओं को आमंत्रित करता है जिनका सहयोग भारत को विकासशील और प्रगतिशील बनाने मे रहा है और उन कार्यों को लेख , समाचारपत्र , वीडियो, तस्वीरों , सामाजिक गतिविधियों, द्वारा प्रकाशित व प्रसारित किया हो व कृषि व ग्रामीण विकास के कार्यों मे अपना सहयोग दिया हो हर साल की तरह इस साल भी न्यूजपेपर्स एसोसिएशन आफ इंडिया भारत के पत्रकारों व समाज सेवियों को पुरुस्कार से सम्मानित करेगा न्यूजपेपर्स एसोसिएशन आफ इंडिया १६ सालों से पत्रकारों की सेवा करने व उनकी समस्यों का समाधान करने पे लगी है पत्रकारिता के क्षेत्र मे कार्य करने वाले लोग देश की जनता की समस्या को सामने लाते है पर अपनी समस्या को किसी से नहीं बताते हैं उन पत्रकारों व समाज सेवियों को सलाम व सम्मान आप अपने प्रकाशित लिखा लेख, समाचार, वीडियो, तस्वीरें, सामाजिक गतिविधियों, कृषि व ग्रामीण विकास पर लघु फिल्म हमे भेजें यदि आप 2012 एनएआई पुरस्कार कार्यक्रम में भाग लेने में रुचि रखते हैं, तो कृपया अपने पोर्ट फोलियो भेजें. सीडी या मेल कर सकते हैं: –naiindia@gmail.com हमारी वेबसाइट मे सारी जानकारी www-naiindia.com

इस पुरस्कार कार्यक्रम मे देश के 24 राज्यों के संपादक, प्रकाशक, पत्रकार हिस्सा लेंगे समाचार पत्रों व समाचार जगत मे कार्य करने वाले संपादको, प्रकाशकों, पत्रकारों की समस्याओं पर चर्चा की जाएगी व उनका समाधान कैसे किया जाए सभी सवालों को सरकार के सामने रखा जाएगा व उन सभी समस्यों को हल करने की मांग की जाएगी देश के संविधान की मर्यादा के पालन को लेकर सामाजिक हितो की राष्ट्रीय आवाज बनाने मे लोकतंत्र के चौथे स्तम्भ के रूप मे इस मीडिया शक्ति से बड़ा कोई भी लोकपाल वैकल्पिक जवाबदेही नहीं निभा पा रहा है जिसे जनतंत्र की आवाज कहा जा सके। समाचार पत्रों के प्रतिनिधि समाज प्रहरियों की भूमिका ने है देश की आजादी की लड़ाई से लेकर आजतक भारत को विश्व सचेतक बनाने की मंजिल को आसन रास्ता दिया है। मीडिया ने राजनैतिक कुशलता प्रोत्साहित करने मे कई सहायिक कदम उठाए है। इस समारोह मे मीडिया के हको की आवाज को उठाने के साथ साथ मीडिया प्रहरिओं की सुरक्षा के लिए राज्यों की नीतिओं के बदलाव के लिए भी जोर दिया जाएगा।

Printed, Published by Vipin Gaur on behalf of News papers Association of India, Printed at Mayank Offset Process 794/95 Guru Ramdas Nagar Ext. Laxmi Nagar Delhi-92 and Published from J-51, DLF Dilshad Delhi-95, Editor: Gayatri Gaur. All disputes settled in Delhi Court only.